# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 24 माघ, 1947 ( श० ) / 13 फरवरी, 2026 ( ई० )

प्रश्नों की कुल संख्या 06

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ( 1 ) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 03 |
| ( 2 ) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| ( 3 ) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| ( 4 ) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 06 |

### ऑनलाइन करना

27. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार डेंटल काउन्सिल की रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑफलाइन संचालित हो रही है, जबकि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड एवं मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में डेंटल काउन्सिल से संबंधित प्रक्रिया विगत 5 वर्षों से पूरी तरह ऑनलाइन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में बिहार डेंटल काउन्सिल के रजिस्ट्रार पटना से बाहर पदस्थापित हैं, जिसके कारण रजिस्ट्रेशन या नवीनीकरण कार्य के लिए चिकित्सकों को उनके पटना आगमन की प्रतीक्षा करनी पड़ती है और रजिस्ट्रेशन या नवीनीकरण में काफी समय लगता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार डेंटल काउन्सिल में रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पढ़ाई शुरू कराना

28. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार देश का सबसे आपदा ग्रस्त राज्य है, जो प्रतिवर्ष बाढ़ और सुखाड़ के साथ-साथ चक्रवात, वज्रपात आदि आपदाओं का सामना करता है, बावजूद यहाँ के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में आपदा प्रबन्धन की पढ़ाई नहीं होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, भारत सरकार और यू०जी०सी० (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन) राज्य सरकार के पत्रांक D.O. No. 2-9/2022(CPP-II), दिनांक 24 फरवरी, 2022 द्वारा आपदा प्रबन्धन की पढ़ाई शुरू करने हेतु सिलेबस तैयार करने का आग्रह की गयी थी, लेकिन अभीतक राज्य स्तर से न ही सिलेबस तैयार की गई और न ही विश्वविद्यालयों को कोई निर्देश दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में सिलेबस तैयार कर आपदा प्रबन्धन की पढ़ाई शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### चालान में छूट प्रदान करना

29. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में स्थानीय सांसद क्षेत्र विकास योजना तथा मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत 15 लाख तक के विभागीय रूप से सम्पादित कराये जा रहे कार्यों के लिए खनन विभाग द्वारा चालान की अनिवार्यता से छूट प्रदान की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनाओं के अन्तर्गत 15 लाख तक के वैसे कार्य जो निविदा के माध्यम से संवेदकों द्वारा कराए जा रहे हैं उन पर भी यह छूट लागू है, लेकिन संवेदकों को चालान से राहत नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 15 लाख तक के छोटे-छोटे कार्यों के सम्पादन में होने वाले कठिनाइयों को देखते हुए उक्त छूट को संवेदकों द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर भी लागू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परीक्षा आयोजित करवाना

30. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 29 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित शीर्षक ''एक लाख से अधिक नर्सिंग छात्रों का भविष्य अधर में'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में पारामेडिकल ANM, GNM और फार्मेसी कोर्स में वर्ष 2023-24 और 2024-25 सत्र में दाखिल 500 संस्थानों में 50 हजार छात्र नामांकित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में बिहार के पारामेडिकल ANM, GNM और फार्मेसी कोर्स के नामांकित छात्रों की परीक्षा नहीं होने से लाखों बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार में पारा मेडिकल के 2023-24 एवं 2024-25 वर्ष के नामित छात्रों के बैच की परीक्षा कबतक आयोजित कराने का विचार रखती है ?

--------

डोमिसाईल का लाभ देना

31. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के दन्त सर्जन की नियुक्ति में प्रदेश के बाहर बिहार के छात्र-छात्राओं को दंत सर्जन की प्राप्त उपाधि को डोमिसाईल का लाभ नहीं दिया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में केवल एक दन्त चिकित्सक महाविद्यालय रहने के कारण राज्य के छात्र-छात्राओं को अन्य राज्यों में शिक्षा अध्ययन के लिए जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के बाहर डेन्टल सर्जन की उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को बिहार में डोमिसाईल का लाभ प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली आपूर्ति कराना

32. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार प्रदेश में किसानों की सिंचाई के लिए विद्युत् कृषि फीडर में मात्र 8 घंटे ही बिजली आपूर्ति किये जाने के कारण किसानों को बड़े भू-खंडों की सिंचाई में कई दिन लग जाते हैं, जिससे फसल की उपज अच्छे ढंग से नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार पूरे बिहार प्रदेश में विद्युत् कृषि फीडर में 24 घंटे प्रतिदिन बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :<br>
दिनांक 13 फरवरी, 2026 (ई0) ।

ख्याति सिंह,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0 29(एल0ए0), 2025-26-डी0टी0पी0-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026